संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें

सतपुड़ा भवन, भोपाल

क्रमांक / आई.डी.एस.पी. / 2021 / 568 भोपाल, दिनांक : 21 / 04 / 2021

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
समस्त जिला
मध्यप्रदेश

विषयः—कोविड—19 की RTPCR जांच सेम्पलों की एकत्रिकरण एवं रिपोर्टिंग के संबंध में।

संदर्भः—इस कार्यालय का पत्र क्र./IDSP/2021/536, भोपाल दिनांक 19 / 04 / 2021

उपरोक्त संदर्भित विषयांतर्गत पत्र से लेख है कि प्रदेश में कोविड—19 के बढते संक्रमण को देखते हुये जिलों को अधिक से अधिक जांच सेम्पलों को एकत्रित कर मैप शासकीय एवं निजी आउटसोर्स लैबों में सेम्पल भेजकर 24 घण्टे के अंदर रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु निर्देश दिये गये है।

उपरोक्त स्थिति में प्रदेश में कोविड—19 के RTPCR सेम्पलों के एकत्रिकरण, परिवहन एवं रिपोर्टिंग के लिये निम्नलिखित दिशा—निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें:—

1. जिलों में समस्त RTPCR सेम्पलों का एकत्रिकरण RTPCR App के माध्यम से किया जाना अनिवार्य हैं, प्रत्येक लिये गये RTPCR सेम्पल का SRF ID App से जनरेट होने के पश्चात् ही मैप शासकीय एवं निजी आउटसोर्स लैबों में सेम्पल भेजा जाए।
2. जिलों में एकत्रित सेम्पलों को जिला मुख्यालय में उचित कोल्ड चैन में पैकेजिंग कर समस्त सेम्पलों के SRF ID एवं लाईन लिस्ट हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी के साथ शीघ्रातिशीघ्र मैप लैब में भेजना सुनिश्चित किया जाए।
3. यह स्पष्ट किया जाता है कि किसी भी परिस्थिति में सेम्पल एकत्रित होने के पश्चात् सेम्पलों को मैप लैब में पहुंचने में 06—07 घण्टे से अधिक विलंब न हो ।
4. जिलों में एकत्रित सेम्पलों को मैप लैब में पहुंचाने के पश्चात् सेम्पलों के लैब में प्राप्ति के समय के रिकॉर्ड का संधारण किया जाए। लैब प्रभारी इसका विशेष ध्यान रखेंगे।
5. समस्त जिले मैप शासकीय एवं निजी आउटसोर्स लैबों के प्रभारियों से सेम्पलों को भेजने एवं रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु निरंतर समन्वय स्थापित करेंगे।
6. यदि जिलों से भेजे गये सेम्पलों की जांच रिपोर्ट शासकीय एवं निजी आउटसोर्स लैबों से 24—36 घण्टे के अंदर प्राप्त करने में विलंब होता है तो शीघ्र इसकी सूचना राज्य आई. डी.एस.पी. शाखा के ईमेल आई.डी :— idspssu@mp.gov.in पर भेजना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त दिशा—निर्देशो का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

(आकाश त्रिपाठी)
स्वास्थ्य आयुक्त सह सचिव
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश

Scanned with CamScanner

पृ.क्र./आई.डी.एस.पी./ 2021/569 भोपाल, दिनांक :21/04/2021

प्रतिलिपि:—

1. अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन म.प्र.
2. आयुक्त चिकित्सा शिक्षा म.प्र.।
3. मिशन संचालक, एन.एच.एम., भोपाल।
4. समस्त संभागीय आयुक्त, म.प्र.।
5. समस्त कलेक्टर जिलों, म.प्र.।
6. समस्त क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र.।
7. समस्त अधिष्ठाता, चिकित्सा महाविद्यालय, म.प्र.।
8. समस्त कोविड—19 RTPCR लैब प्रभारी, म.प्र.।
9. प्रभारी, कोविड—19 नियंत्रण कक्ष, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र.।

स्वास्थ्य आयुक्त सह सचिव
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश

Scanned with CamScanner